(2)

email

प्रेषक, संख्या- 1145 /9-8-20212

अन्नावि दिनेशकुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय)।
2- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3- निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
4- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊः दिनांक 09 जून, 2021

विषयः- नगर विकास विभाग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की द्वितीय एवं तृतीय किश्त की धनराशि स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि नगर विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में निर्माण कार्यों से संबंधित द्वितीय या तृतीय किश्त की धनराशि स्वीकृति किये जाने हेतु प्रस्तावों को प्रेषित किये जाते समय यह सुनिश्चित किया जाय कि संबंधित निर्माण कार्य के लेटेस्ट फोटोग्राफ तिथि सहित अवश्य उपलब्ध हों। यह फोटोग्राफ निर्माण कार्य के पूर्व, निर्माण कार्य के समय और निर्माण कार्य सम्पन्न होने के पश्चात संबंधित कार्यदायी संस्था के तकनीकी अधिकारी तथा विभाग के संबंधित प्रशासनिक अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से निर्माण कार्य के बैकग्राउण्ड में खींचा गया हो। फोटोग्राफ पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारी और तकनीकी अधिकारी के हस्ताक्षर भी तिथि सहित अंकित हों। उक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव उपलब्ध कराते समय निम्न सूचनाएं भी उपलब्ध करायी जायें:-

| क्रमांक | मद |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम |
| 2 | कार्यदायी संस्था का नाम |
| 3 | मूल प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति |
| 4 | पुनरीक्षित मूल्यांकित लागत |
| 5 | कुल अवमुक्त धनराशि |
| 6 | अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि (अद्यतन उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ) |
| 7 | पुनरीक्षित मूल्यांकित लागत के सापेक्ष अवशेष धनराशि |
| 8 | अवशेष के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि |
| 9 | लेखाशीर्षक जिससे धनराशि स्वीकृत की जानी है, में उपलब्ध धनराशि |
| 10 | कार्य की भौतिक प्रगति (पूर्व/वर्तमान) |
| 11 | अब तक स्वीकृत अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय का प्रतिशत |
| 12 | कार्य की स्थलीय अद्यतन फोटोग्राफ तिथि सहित |

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए, वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अन्नावि दिनेशकुमार)
विशेष सचिव

527
13/6/22

Prog. officer

10/6/22

(AE SUDA)

13/06/2022

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मा0मंत्री, नगर विकास विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इसे दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6- समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनुसचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- समस्त अनुभाग अधिकारी, नगर विकास विभाग/सूडा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पत्रावली/प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय उपरोक्त बिन्दु पर सूचना अवश्य दी जाय।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बृजेन्द्र सिंह)
उप सचिव

संख्या-1235/9-8-2022

प्रेषक,

डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय)।
2- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3- निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
4- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊ: दिनांक-22 जून, 2022

विषयः- नगर विकास विभाग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की द्वितीय एवं तृतीय किश्त की धनराशि स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1145/9-8-2022, दिनांक 09 जून, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नगर विकास विभाग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की द्वितीय एवं तृतीय किश्त की धनराशि निर्गत किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2- इस संबंध में सम्यक् विचारोपरान्त उक्त शासनादेश दिनांक 09 जून, 2022 को अवक्रमित करते हुए अनुरोध है कि नगर विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में निर्माण कार्यों से संबंधित द्वितीय या तृतीय किश्त की धनराशि स्वीकृति किये जाने हेतु प्रस्तावों को प्रेषित किये जाते समय यह सुनिश्चित किया जाय कि संबंधित निर्माण कार्य के लेटेस्ट फोटोग्राफ तिथि सहित अवश्य उपलब्ध हों। यह फोटोग्राफ निर्माण कार्य के पूर्व, निर्माण कार्य के समय और निर्माण कार्य सम्पन्न होने के पश्चात संबंधित कार्यदायी संस्था के तकनीकी अधिकारी तथा विभाग के संबंधित प्रशासनिक अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से निर्माण कार्य के बैकग्राउण्ड में खींचा गया हो। फोटोग्राफ पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारी और तकनीकी अधिकारी के हस्ताक्षर भी तिथि सहित अंकित हो।

3- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त के आलोक में ही वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराते हुए इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी) 22.6.22
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इसे दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(के0पी0 सिंह)
अनुसचिव

723
29/6/22

AD/FC
कृ. नियमानुसार आ. का. हेतु
23/6/22

(AE SUDA)
29/06/2022

FC
23/6/22

कार्यक्रम अधि.
कृ. नियमानुसार आ. का.
28.06.2022
28/6/22